22 Ambikapur-BHOOMI-pg-1_Layout 1 12/22/2023 10:03 PM Page 1

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 23 दिसम्बर 2023

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 8 पंचायतों में पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय सुशासन दिवस पर 25 को होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिसमें मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से विकासखण्ड स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में हितग्राही कृषकों से संवाद किया जायेगा। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग से दिशा-निर्देश दिये जाएंगे। कार्यक्रम के लिये धान बोनस राशि के प्रमाण पत्र राज्य स्तर से अनुमोदित कर दिए गए हैं। जिसका स्थानीय स्तर पर मुद्रण कराकर वितरण किया जाएगा। विपणन संघ द्वारा हितग्राही कृषकों की जिलेवार सूची संबंधित कलेक्टर को उपलब्ध कराई जाएगी। विकासखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकों के कर कमलों से हितग्राही कृषकों को धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि संबंधी प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा।

### केन्द्रीय जेल में स्तरविहीन खाद्य सामग्री की सप्लाई, कलेक्टर से शिकायत

**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय जेल में स्तर विहीन एवं घटिया खाद्य सामग्री व सब्जी की सप्लाई किए जाने की शिकायत को लेकर युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष ने कलेक्टर से शिकायत की। साथ ही जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। नगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा अश्वनी जायसवाल ने कलेक्टर को शिकायत कर बताया कि केंद्रीय कारागार में निरुद्ध सजायाफ्ता एवं विचाराधीन कैदियों के भोजन हेतु खाद्य सामग्री दाल, नमक, तेल, शक्कर एवं गुड़ एवं सब्जी सप्लाई करने की निविदा जिन व्यक्तियों द्वारा ली गई है उनके द्वारा स्तर विहीन एवं घटिया खाद्य सामग्री व सब्जी सप्लाई किया जा रहा है। खाद्य सामग्री सप्लाई करने वाले निविदाकार द्वारा अत्यंत घटिया एवं सस्ता दाल, सप्लाई किया जा रहा है तथा जेल मेन्यू के अनुसार कैदियों को बदल-बदल दाल खिलाना है। परंतु निविदाकार द्वारा एक ही प्रकार का अत्यन्त घटिया दाल सप्लाई की जाती है। जबकि सप्लाई का बिल अच्छे और महंगे दाल का बनाया जा रहा है। इसी प्रकार सब्जी का सप्लाई करने वाले निविदाकार द्वारा अत्यंत घटिया एवं सस्ता सब्जी लौकी, कद्दू, पत्ता गोभी आदि सप्लाई किया जा रहा है जबकि महंगी सब्जी फूलगोभी, भिंडी, करेला, परवल, सेम, बीन्स, बरबट्टी, साकिन आदि का सप्लाई नही किया जा रहा है और महंगा सब्जी का बिल बनाया जा रहा है। ऐसे में केन्द्रीय जेल में बंद लोगों के स्वास्थ्य पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है। नगर उपाध्यक्ष ने मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन

सूरजपुर। जिले में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज आई.टी.आई एवं पॉलिटेक्निक में पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों एवं प्राचार्यों, संस्था प्रमुखों को सत्र 2023-24 ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पंजीयन किया जा रहा है।

## चुनाव में 14 सीटों पर जनता ने दिलाई एक तरफा जीत

# सीएम विष्णुदेव के कैबिनेट में तीन मंत्रियों को जगह मिलने से बढ़ा सरगुजा संभाग का कद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा के राज में सरगुजा का कद बढ़ता नजर आ रहा है। प्रदेश में सरगुजिहा सीएम के बाद मंत्रिमंडल में संभाग से तीन मंत्रियों को जगह मिलने के बाद संभागभर के लोगों में हर्ष व उत्साह का माहौल है।

**खास बात**
- कार्यकर्ताओं के साथ ही समर्थकों में उत्साह का माहौल

आज सीएम विष्णुदेव साय की सरकार के मंत्रिमंडल में 9 मंत्रियों के नाम की घोषणा के साथ ही उनका शपथ ग्रहण संपन्न हो गया है और शपथ ग्रहण में सरगुजा संभाग से तीन विधायकों कद्दावर आदिवासी नेता राम विचार नेताम, श्याम बिहारी जायसवाल और श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को मंत्रिमंडल में जगह दी गई है।

मंत्रिमंडल में गठन के बाद फिलहाल विभागों को लेकर कोई स्थिति साफ नहीं हो पाई है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि तीनों मंत्रियों को बड़े विभागों की जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं मंत्रिमंडल में तीन विधायकों को जगह मिलने के बाद संभाग के विकास में तेजी आने की उम्मीद भी जताई जा रही है। बता दें कि विधानसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ अपनी सरकार बनाई है और भाजपा के सत्ता में वापस लौटने में मुख्य भूमिका सरगुजा संभाग ने निभाई है। पिछले बार चुनाव में सरगुजा संभाग से सभी 14 सीटें कांग्रेस की झोली में गई थी जबकि इस बार की सभी 14 सीटों को जनता ने भाजपा को सौंप दिया। यही वजह है कि संगठन ने भी इस बार सरगुजा संभाग को तरजीह दी है। संगठन व केंद्रीय नेतृत्व की ओर से छत्तीसगढ़ के सीएम पद की जिम्मेदारी जशपुर जिले कुनकुरी से विधायक विष्णुदेव साय को दी थी। छत्तीसगढ़ में सरगुजिहा सीएम का नाम तय होने के बाद से ही हर्ष का माहौल था लेकिन सरकार गठन के बाद से ही सीएम विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के गठन को लेकर सस्पेंस बरकरार था। मंत्रिमंडल में किस विधायक को जिम्मेदारी दी जाएगी इसे लेकर लम्बे समय से कयास लगाए जा रहे थे लेकिन गुरुवार की शाम मंत्रिमंडल के गठन से पर्दा उठ गया था और प्रदेश से 9 मंत्रियों के नाम सामने आए थे। इनमें से तीन नाम सरगुजा संभाग से लिए गए। सरगुजा में बलरामपुर जिले के रामानुजगंज विधानसभा से कद्दावर आदिवासी नेता राम विचार नेताम, भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ विधायक श्याम बिहार जायसवाल का नाम तय किया गया था। आज तीनों ही विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली है और शपथ ग्रहण के साथ ही संभागभर के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जगह जगह समर्थकों द्वारा आतिशबाजी कर जश्न मनाया जा रहा है।

### आदिवासी समाज के कद्दावर नेता नेताम



सीएम विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में जगह पाने वालों में एक नाम बलरामपुर जिले के रामानुजगंज विधानसभा से विधायक व कद्दावर आदिवासी नेता रामविचार नेताम का है। गोंड समाज से आने वाले श्री नेताम का जन्म 3 जनवरी 1962 को हुआ था। श्री नेताम ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1990 में की थी। वर्ष 1990 से वे लगातार 5 बार विधायक रहे। वर्ष 2000 से 2002 तक भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य, वर्ष 2000 से 2003 तक भाजपा अविभाजित सरगुजा के जिलाध्यक्ष, वर्ष 2003 से 05 तक आदिम जाति कल्याण एवं राजस्व मंत्री, 2005 से 08 तक गृह जेल एवं सहकारिता मंत्री, 2008 से 12 तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विधि विधायी मंत्री, 2012 से 13 तक जल संसाधन, उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा मंत्री, वर्ष 2014 में भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री, 2015 में राष्ट्रीय प्रभारी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, वर्ष 2016 से 20 तक राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, जून 2016 से जून 2022 तक राज्यसभा सांसद रहें। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अजय तिर्की को 29740 मतों से हराया और छठवीं बार विधायक बने। भाजपा प्रत्याशी रामविचार नेताम को 99574 तथा कांग्रेस के डॉ. तिर्की को 69911 मत मिले थे।

### पहली बार विधायक और अब मंत्री बनी लक्ष्मी राजवाड़े



सीएम विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में महिला वर्ग से भटगांव विधायक श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को जगह दी गई है। श्रीमती राजवाड़े ओबीसी वर्ग से आती है व उनका जन्म 11 अक्टूबर 1992 को हुआ। उन्होंने बीए द्वितीय वर्ष तक की पढ़ाई की है। श्रीमाई लक्ष्मी राजवाड़े ने राजनैतिक जीवन की शुरुआत महिला मोर्चा के मंडल कोषाध्यक्ष के रूप में थी। इसके बाद वर्ष 2015 में जनपद सदस्य का चुनाव जीतकर आई वहीं वर्ष 2020 में उन्होंने जिला पंचायत सदस्य का चुनाव जीता। पार्टी ने 2023 के चुनाव में उन्हें टिकट देकर भाजपा से प्रत्याशी बनाया। चुनाव में लक्ष्मी राजवाड़े ने कांग्रेस के प्रत्याशी पारसनाथ राजवाड़े को 43962 मतों से मात दी। चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पारसनाथ राजवाड़े ने 61200 वोट हासिल किए जबकि भाजपा प्रत्याशी श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े 105162 वोट हासिल किए थे। ऐसे में श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े प्रदेश में तीसरी सबसे अधिक मतों से जीतने वाली प्रत्याशी बनी है इसके साथ ही ये महज 31 वर्ष की उम्र में कैबिनेट मंत्री बन गई है। खास बात यह है कि सरगुजा संभाग में राजवाड़े जाति के लोगों की संख्या अधिक है और आने वाले विधानसभा चुनाव में इस वर्ग को साधने के लिए श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े को बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

### दूसरी बार विधायक बने श्याम बिहारी जायसवाल



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल में शपथ लेने वालों में तीसरा नाम सरगुजा संभाग के एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का है। श्री जायसवाल का जन्म 1 अक्टूबर 1976 को कोरिया जिले के रतनपुर में हुआ था। उन्होंने एमएससी रसायन शास्त्र से पोस्ट ग्रेजुएशन की शिक्षा ग्रहण की है और पेशे से राइस मिलर है। श्री जायसवाल वर्ष 2010 से 2013 तक जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष रहे। वर्ष 2013 में श्री जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से चुनाव जीता और विधायक निर्वाचित हुए। वहीं वर्ष 2013 से 20 तक भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य, 2020-22 तक प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, भाजयुमो पूर्व जिला मंत्री, भाजयुमो पूर्व जिला प्रभारी के रूप में संगठन में भी अहम भूमिका निभाई है। वर्ष 2023 में भाजपा ने पुनः श्याम बिहारी जायसवाल पर भरोसा जताते हुए उन्हें पार्टी का टिकट दिया। चुनाव में श्याम बिहारी जायसवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह को 11880 मतों से हराया। चुनाव में श्याम बिहारी जायसवाल को 48503 वोट जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रमेश सिंह को 36623 वोट मिले थे।

### सरगुजा जिले को नहीं मिली कोई जिम्मेदारी

सीएम विष्णुदेव साय की सरकार में संभाग से तो तीन मंत्रियों को शामिल किया गया है लेकिन सरगुजा जिले से किसी भी विधायक का नाम कैबिनेट में शामिल नहीं हो पाया। हालांकि मंत्रिमंडल में सरगुजा से लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज के भी मंत्रिमंडल में शामिल होने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन आज शपथ ग्रहण के बाद कयासों पर विराम लग गया है। बड़ी बात यह है कि सरगुजा संभाग मुख्यालय है और यहां से पिछली सरकार में दो बड़े मंत्री थे लेकिन पांच वर्षों तक सरगुजा संभाग के साथ ही खासकर जिले को उपेक्षा का सामना करना पड़ा। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही थी कि भाजपा सरकार में भी सरगुजा जिले से मंत्री पद की जिम्मेदारी किसी एक विधायक को मिल सकती है लेकिन ऐसा नहीं हो पाया और इसे लेकर कार्यकर्ताओं में थोड़ी मायूसी भी है।

## दुकानों से प्रशासनिक टीम ने जब्त किया 1532 बोरी अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले में अवैध रूप से धान खपाने वाले कोचिया और बिचौलियों के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी है।

- ग्राम कुन्नी में 432 बोरीव ग्राम कोटिया में 1100 बोरी धान जब्त

आज जिला प्रशासन द्वार गठित संयुक्त टीम द्वारा कुल 1532 बोरी धान जब्त किया गया है। टीम द्वारा कुन्नी से 432 बोरी व ग्राम कोटिया से 1100 बोरी धान पकड़ा गया है। टीम द्वारा धान को जब्त कर मामले की जांच की जा रही है।

बता दें कि 1 नवंबर से जारी धान खरीदी के दौरान अवैध रूप से बाहरी धान खपाने से रोकने के लिए कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा समय समय पर समितियों व ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर भारी मात्रा में धान जब्त किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शुक्रवार को खाद्य विभाग, मंडी विभाग तथा नागरिक आपूर्ति निगम की संयुक्त टीम ने विकासखंड लखनपुर के ग्राम डुमरघाट के ग्राम पंचायत कुन्नी के दुकानों की जांच की गई। गोपनीय माध्यम से सूचना मिलने पर जांच के दौरान संतोष यादव के किराना दुकान एवं गोदाम में अवैध रूप से संग्रहित 432 बोरी धान पाया गया जिसमें कुल 172 क्विंटल धान था। टीम द्वारा व्यापारी से आवश्यक दस्तावेज की मांग किए जाने पर धान से सम्बन्धित किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं दिखाया गया। जिसके आधार पर अवैध धान मानते हुए मंडी अधिनियम के तहत धान जब्त कर लिया गया। इस दौरान जांच खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, सहायक ख़ाद्य अधिकारी एचएस क्षत्री, खाद्य निरीक्षक शिव मिश्रा, डीएमओ अरूण विश्वकर्मा, डीएम नान समीर तिर्की एवं मंडी विभाग के अधिकारी शामिल रहे। इसी कड़ी में शुक्रवार को भी अवैध धान जब्ती की कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार ने बताया कि ग्राम कोटिया में निवासी मुकेश गुप्ता के दुकान और घर से 1100 बोरी धान अवैध रूप से भंडारित पाए गया, जो 444 क्विंटल धान अनुमानित है। धान जब्त किया जाकर सरपंच को सुपुर्द किया गया। मौके पर पटवारी, सरपंच और कोटवार उपस्थित थे। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त सूचना के अनुसार अब तक प्रशासनिक टीम ने विभिन्न कार्रवाइयों में लगभग 1600 क्विंटल धान जब्त किया है।



## मामूली विवाद में ससुर की बेदम पिटाई, पानी पीने के बाद तोड़ा दम

**राजपुर।** मामूली विवाद के कारण ससुर की करने और मारपीट से वृद्ध की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम परसागुड़ी निवासी केंदवा याव 21 दिसंबर के भोर में पानी पीने के लिए उठा था और पानी पीते ही उल्टी करने के बाद उसकी मौत हो गई थी। ग्रामीण की मौत के बाद मृतक के पुत्र जगदेव यादव को उसकी दादी ने बताया कि 19 दिसंबर की दोपहर केंदवा यादव कहीं से शराब पीकर घर लौटा था और इस दौरान मामूली विवाद पर दामाद राम बकस ने उसके साथ मारपीट करते हुए जमीन पर पटक दिया था और छाती व पेट पर लात से हमला किया था। सभवतः अंदरूनी चोट लगने के कारण केंदवा की मौत हुई है। ऐसे में युवक द्वारा घटना की शिकायत पुलिस से की गई थी। शिकायत पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर एएसपी चंद्रेश सिंह ठाकुर, एसडीओपी कुसमी ईमानुएल लकड़ा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। पुलिस द्वारा प्रतापपुर अंतर्गत धरमपुर निवासी 35 वर्षीय रामबकस आ. स्व. भीखमराम बरगाह को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने मामले में आरोपी युवक को धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आरके साहू, एसआई प्रमोद पाण्डेय, एएसआई विजय पैकरा, प्रधान आरक्षक श्याम लाल भगत, राजेन्द्र ध्रुव, आरक्षक संजय जायसवाल, लखेश्वर पैकरा, संतोष सिंह, शैलेन्द्र तिवारी सक्रिय रहे।

- पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



## फसल की सुरक्षा के लिए लगाया था तरंगित फंदा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली जानवरों के शिकार हेतु अवैध रूप से हुकिंग कर तरंगित फंदा लगाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब तरंगित फंदा लगाकर दूसरों की जान से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने एक ग्रामीण को हाईटेंशन तार का फंदा लगाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ने भी जंगली जानवर के अपनी फसल को बचाने के लिए तरंगित फंदा लगाया था। बता दें कि थाना क्षेत्र के परसागुड़ी जंगल में 11 केव्ही के हाईटेंशन तार से हुकिंग कर तरंगित फंदा लगाने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो चुकी है जबकि किसान द्वारा गन्ना फसल की रखवाली के लिए लगाए गए तरंगित फंदा के कारण एक हाथी की जान चली गई थी। इन दो घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन के साथ ही वन विभाग व विद्युत विभाग भी सतर्क हो गया है। इस बीच सहायक अभियंता अजय कुजूर ने पुलिस से शिकायत की थी कि धंधापुर निवासी पतिराम आ. दलसाय द्वारा हाईटेंशन तार से हुकिंग कर विद्युत चोरी की गई और तरंगित तार से अपने खेत व बाड़ी के बचाव हेतु चारों तरफ जीआई तार का फंदा लगाया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस द्वारा आरोपी पतिराम को गिरफ्तार कर तरंगित तार जब्त किया गया है। थाना प्रभारी आरके साहू ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अपनी फसल की सुरक्षा या जंगली जानवरों के शिकार के नाम पर अवैध रूप से जीआई तार फैलाकर तरंगित जाल बिछाया जाता है तो पुलिस द्वारा उसपर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार निगरानी की जा रही है।

इस कार्रवाई में सउनि धोबसाय पैकरा, प्रधान आरक्षक श्याम लाल भगत, आरक्षक संजय जायसवाल, लखेश्वर पैकरा, शैलेन्द्र तिवारी सक्रिय रहे।

- पूर्व में करंट की चपेट में आकर हो चुकी है हाथी व एक युवक की मौत







## डीके सोनी को एलबेस्ट एडवोकेट ऑफ द ईयर के अवार्ड से किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आरटीआई कार्यकर्ता व अधिवक्ता डीके सोनी को इंटरनेशनल एक्सीलेंस एलबेस्ट एडवोकेट ऑफ द ईयर के अवार्ड से नवाजा गया है। श्री सोनी को अवार्ड से सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस कुरियन जोसेफ व पूर्व केंद्रीय मंत्री एस कृष्ण कुमार के हाथों सम्मानित किया गया। बता दें कि अधिक्वता डीके सोनी समाजसेवी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से न्याय में विलम्ब तथा विभिन्न क्षेत्रों में न्यायहित के लिए जमीनी व कानूनी लड़ाई लड़ने का काम कर रहे है। सरकारी विभागों में हो रहे भ्रष्टाचार और गड़बड़ियों को लेकर अनेकों मामले उठाते रहे हैं तथा कई भ्रष्ट अधिकारियों, ठेकेदारों के विरुद्ध अपराध भी पंजीबद्ध कराते हुए शासन हित में कार्य करते हुए गरीब पीड़ित आमजन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम बनाने के साथ साथ उन्हें शीघ्र न्याय दिलाने के लिए लगातार कार्य करते रहे हैं। अधिवक्ता श्री सोनी द्वारा राज्य में उपभोक्ता हितों के संरक्षण एवं पीड़ित उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने, उपभोक्ता आयोगों में रिक्त पदों पर नियुक्ति, आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तथा ई फाइलिंग जैसे उपभोक्ताओं के न्याय के लिए बुनियादी व्यवस्थाओं के लिए जमीनी स्तर पर विरोध प्रदर्शन सहित, आरटीआई के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक लड़ाई लड़ते रहे हैं। ग्लोबल चेंबर ऑफ कंज्यूमर राइट्स एवं किटक्राफ्ट प्रोडक्शन के द्वारा पूरे देश से अलग अलग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालो का चयन किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में अधिवक्ता के रूप में लगातार उत्कृष्ट कार्य

- सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस कुरियन जोसेफ व पूर्व केंद्रीय मंत्री एस कृष्ण कुमार ने किया सम्मान

## आज किया जाएगा मॉकड्रिल, आइसोलेशन वार्ड को किया गया आरक्षित

# नए संक्रमण जेएन 1 को लेकर जिले में अलर्ट, बढ़ाई गई टेस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कोरोना संक्रमण के नए वायरस ओमीक्रॉन जेएन 1 को लेकर जारी अलर्ट के बीच मेडिकल कॉलेज प्रबंधन भी सतर्क हो गया है। जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान के लिए एहतियातन रूप से टेस्टिंग की संख्या में वृद्धि कर दी गई है इसके साथ ही मरीजों के लिए आइसोलेशन वार्ड को तैयार किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा शनिवार को तैयारियों के लिए मॉकड्रिल किया जाएगा। हालांकि फिलहाल सरगुजा में किसी भी मरीज की पहचान नहीं हुई है इसलिए लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी जा रही है। बता दें कि देश में एक बार फिर से कोरोना संक्रमण ओमीक्रॉन के नए वेरिएंट जेएन 1 का खतरा मंडरा रहा है। केरल में इस वेरिएंट के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी गई है जबकि छत्तीसगढ़ में भी तीन कोरोना मरीजों की पहचान की गई है। कोरोना संक्रमण के बढ़ते खतरों को देखते हुए शासन अलर्ट मोड़ में आ गया है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिले के कलेक्टर व स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की है और आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। इस बीच सरगुजा जिले में शासन के निर्देश के बाद कोरोना संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए अभी से ही टेस्टिंग की संख्या में वृद्धि कर दी गई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रतिदिन 100 से अधिक कोविड टेस्ट किए जा रहे है। इसके साथ ही संक्रमित मरीजों के आने की स्थिति में उनके उपचार के लिए आइसोलेशन वार्ड को आरक्षित कर दिया गया है। आइसोलेशन वार्ड में 14 ऑक्सीजन युक्त बेड लगाए गए है जबकि मरीजों की संख्या में वृद्धि होने पर अन्य वार्डों के बेड को आरक्षित किया जाएगा। मरीजों के उपचार हेतु सभी चार ऑक्सीजन जनरेशन प्लांट को चालु करा लिया गया है इसके साथ ही ऑक्सीजन सिलेंडर भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। मरीजों को लक्षण आधारित दवाएं दी जाएगी जबकि पीपीई किट की भी पर्याप्त व्यवस्था है। बड़ी बात यह है कि सीएम के निर्देश के बाद शनिवार को मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन द्वारा तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल भी किया जाएगा।





### करें कोविड नियमों का पालन

शासन के निर्देश पर टेस्टिंग की संख्या बढ़ा दी गई है और आइसोलेशन वार्ड को आरक्षित कर दिया गया है। अस्पताल में चारों ऑक्सीजन प्लांट काम कर रहे है और पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर, पीपीई किट मौजूद है। हमारे पास प्रशिक्षित डॉक्टर व नर्स मौजूद है। शनिवार को कोविड प्रोटोकॉल को लेकर मॉकड्रिल भी किया जाएगा। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन कोविड नियमों का पालन करने के साथ ही मास्क का उपयोग करें।

-डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक

## खबर संक्षेप

### 25 को मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**एमसीबी।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को प्रतिवर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य भारत के नागरिकों के मध्य सरकार की जवाबदेही के प्रति जागरूकता पैदा करना है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पूर्व सभी ब्लाकों में 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाए जाने के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत अटल चौक की साफ-सफाई और पुताई तथा सामूहिक श्रमदान, स्वच्छता शपथ, हाथ धुलाई इत्यादि की गई। इसमें सरपंच, पंच, सचिव, बच्चे, टीचर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन एवं ग्रामवासी सभी ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। सभी ग्रामवासियों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान स्कूली बच्चों तथा स्वयं सहायता महिला समूह के द्वारा विकसित भारत के तत्वाधान में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रैली निकाल के ग्रामीणों का स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भर्ती में फर्जी दस्तावेज

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के भरतपुर परियोजनांतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कार्यकर्ता की नियुक्ति किए जाने का शिकायत कलेक्टर से किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कन्नौज निवासी दयाशंकर केवट ने गत सप्ताह मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर कलेक्टर को शिकायत पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि आंगनबाड़ी केन्द्र कन्नौज में ग्राम भरतपुर निवासी एक महिला की नियुक्ति फर्जी निवास प्रमाण पत्र एवं फर्जी अंकसूची के आधार पर नियुक्ति की गई है। अंकसूची में विद्यालय एवं परीक्षा केन्द्र का उल्लेख कहीं नहीं होने से प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत होता है।

### 26 को मनाया जाएगा वीर बाल दिवस

**बैकुंठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बताया कि 26 दिसंबर को पूरे देश में वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के चार बेटों, साहिबजादे के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष रह चुके हैं जायसवाल

# केबिनेट मंत्री बने श्याम बिहारी, जिले में जश्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय के केबिनेट में 9 मंत्रियों ने शुक्रवार को अपने पद की शपथ ले ली है। इस मंत्रिमंडल में पहली बार मनेन्द्रगढ़ विधानसभा को जगह मिली है। यहां से दूसरी बार निर्वाचित विधायक श्याम बिहारी जायसवाल को मंत्री बनाया गया है।

- **पहली बार मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से केबिनेट में मिली जगह**

एमसीबी जिले के मनेन्द्रगढ़ विधानसभा सीट से विधायक श्याम बिहारी जायसवाल के मंत्री बनने के बाद से गृहग्राम रतनपुर खड़गवां समेत जिलेभर में जश्न का महौल व्याप्त है। उल्लेखनीय है कि जनपद सदस्य के रूप में राजनीति की शुरूआत करने वाले श्याम बिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से दूसरी बार विधायक बने हैं। मंत्री बनने वाले श्री जायसवाल एक सामान्य नेता के रूप में राजनीति में आए थे। भाजपा विधायक और कैबिनेट मंत्री श्री जायसवाल ने एमएससी रसायन शास्त्र की पढ़ाई की है। वे सबसे पहले जनपद पंचायत खड़गवां से जनपद उपाध्यक्ष चुने गए, फिर मनेन्द्रगढ़ से विधायक सहित कई चुनाव में प्रभारी के रूप में दिखाई दिए। विधायक बनने से पहले वे भाजपा ग्रामीण में एक सक्रिय नेता के रूप में जाने जाते थे। विधानसभा चुनाव में संभाग की सभी 14 सीटें जीतने वाली भाजपा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को नेतृत्व का मौका दिया।

### मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से पहले मंत्री



श्याम बिहारी जायसवाल मनेन्द्रगढ़ विधानसभा से पहले मंत्री बने हैं, इससे पूर्व श्री जायसवाल 2013 से 2018 तक इस सीट से विधायक रह चुके हैं। विधायक के रूप में उनका कार्यकाल बेहद लोकप्रिय रहा। श्री जायसवाल पहले इस सीट से विधायक दीपक पटेल सहित कई विधायक रह चुके हैं, लेकिन आज तक इस सीट से किसी विधायक को मंत्री पद का प्रभार नहीं दिया गया था। यहां के विधायक को मंत्री बनने के बाद से क्षेत्र में अलग ही उत्साह का माहौल बना हुआ है।

### ऐसा रहा राजनीतिक सफर

श्याम बिहारी जायसवाल एक सक्रिय भाजपा कार्यकर्ता के रूप में भाजपा में शामिल हुए, इसके बाद उन्हें वर्ष 2009 से 13 तक जनपद पंचायत खड़गवां के जनपद उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करने का दायित्व मिला, इसके बाद उन्होंने 2013 से 18 तक मनेन्द्रगढ़ विधायक के रूप में कार्य किया। इस बीच वर्ष 2015 बिहार विधानसभा चुनाव में तारापुर विधानसभा जिला मुंगेर में प्रभारी बनाए गए। वर्ष 2013 से आज तक सरस्वती शिशु मंदिर खड़गवां के अध्यक्ष बने हुए हैं। 2020 से 22 तक भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का प्रभार मिला। 2020 मरवाही विधानसभा चुनाव में दक्षिण मंडल का प्रभारी बनाया गया। 2021 असम विधानसभा चुनाव में जोरहाट विधानसभा में प्रभारी बनाए गए। 2022 उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में हर गांव व लहरपुर विधानसभा जिला सीतापुर में प्रभारी बनाए गए। 2022 खैरागढ़ विधानसभा उप चुनाव में मंडल प्रभारी के रूप में कार्य किया। वर्तमान में विधायक और केबिनेट मंत्री के रूप में चयनित हुए हैं।

### जानिए जीवन परिचय

केबिनेट मंत्री और विधायक श्याम बिहारी जायसवाल का जन्म 1 अक्टूबर 1976 को हुआ था। इन्होंने अपनी ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी से पूरी की है। श्याम बिहारी जायसवाल ने एमएससी रसायन शास्त्र की पढ़ाई की हुई है। स्वर्गीय सूरज दिन जायसवाल एवं श्रीमती चंद्रावती जायसवाल के पुत्र श्याम बिहारी का निवास वर्तमान समय में खड़गवां तहसील के ग्राम रतनपुर में है। विधायक श्री जायसवाल की पत्नी का नाम श्रीमती कांति जायसवाल एवं बच्चों का नाम कंचन उत्तम और अमित जायसवाल है।

### सरगुजा संभाग से हैं ओबीसी विधायक

नवनियुक्त मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का प्रोफाइल साधारण है। वे इसके पूर्व जनपद उपाध्यक्ष और मनेन्द्रगढ़ से एक बार विधायक रहे। दूसरी बार विधानसभा पहुंचे हैं। सरगुजा संभाग से ओबीसी चेहरा हैं। श्याम बिहारी जनप्रतिनिधि के अलावा संगठन में लंबे समय तक सक्रिय रहे। वह कलार समाज से आते हैं, जिसकी आबादी छग के अलावा मध्यप्रदेश में बहुतायत में है।

### एजुकेशन के लिए भी काम किया

वर्ष 2013 से 18 तक विधायक के पद पर रहते हुए श्याम बिहारी जायसवाल ने शहरी सहित ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बच्चों को विज्ञान की शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने का काम किया था। साथ ही शासकीय लाहिड़ी महाविद्यालय चिरमिरी में स्नातकोत्तर विषयों की शुरूआत की। विधायक श्री जायसवाल ने मनेन्द्रगढ़ आवागमन के लिए साजा पहाड़ होते हुए मार्ग को डेवलप करने का कार्य किया। मॉडल स्कूल और कॉलेज की भी शुरूआत की।

किसान और राइस मिल है व्यवसाय-

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य और भाजपा कोरिया जिला संगठन प्रभारी जैसे कई बड़े दायित्व भी मिल चुके हैं। हालांकि व्यावसायिक तौर पर श्याम बिहारी जायसवाल एक बेहद उन्नत कृषक और सूरज चंदा राइस मिल के मालिक है। ग्राम रतनपुर में ही श्याम बिहारी जायसवाल का पैतृक निवास होने के कारण यहां उनकी खेती हर भूमि में वे खेती का काम भी बखूबी करते हैं।



# 8 पंचायतों में पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ एमसीबी

विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ जिले के तीन विकासखंड के 8 ग्राम पंचायतों में पहुंचा। 21 दिसंबर को जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के ग्राम पंचायत लोहारी, बड़काबहरा, सेमरा तथा केराबहरा और विकासखंड भरतपुर के ग्राम पंचायत बड़वार, कशौड़ा तथा विकासखंड खड़गवां के ग्राम पंचायत रतनपुर और कोटाया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार रथ के ग्राम पंचायतों में गठित स्वागत समिति तथा उत्सव समिति के द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर ग्रामीण ने रथ में माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश सुना। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केन्द्र सरकार की 17 प्रकार की फ्लैगशिप योजना आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्टीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना ग्रामीण, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण स्वामित्व, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाइजर इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विद्यालय में पंजीयन, स्कॉलरशीप योजना, वन अधिकार पट्टा-व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र शामिल है कि जानकारी अधिकारी-कर्मचारियों ने दी तथा उसका लाभ उठाने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया गया।

6 स्थानों पर लगा हेल्थ कैंप

# वनांचल पहुंचे कलेक्टर दुग्गा स्टॉलों का किया निरीक्षण

**जनकपुर।** जिले में निरंतर विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ सकारात्मक दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। जनहित एवं जनकल्याण के लिए प्रारंभ यह यात्रा ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के 8 स्थल चयनित किए और प्रत्येक चयनित क्षेत्र में दो-दो जगह शिविर लगाए। जिले के विखं जनकपुर ग्राम जुइली तथा रांपा पहुंचा। तीनों विकासखंड में दो पाली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी प्रकार केन्द्र व राज्य की योजनाओं के लिए विभागों द्वारा लगाए सभी स्टॉलों में लगातार ग्रामीण जन लगातार अधिक संख्या में शामिल हो रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार कल के विकसित भारत संकल्प यात्रा में जिला से सभी 6 स्थानों पर हेल्थ कैंप लगाए गए थे। इसमें लोगों द्वारा गैर संचारी रोग बीपी, शुगर इत्यादि, सिकल सेल रोग और टीबी जैसी बीमारियों का इलाज किया गया। क्यूआर कोड से स्कैन प्रतियोगियों ने लिया क्विज कॉम्पिटिशन लिया भाग-विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में देवल कुमार निवासी परेवाडोल, गोपाल कारे निवासी जनकपुर, विरेन्द्र निवासी जनकपुर, अरूण कुमार निवासी ग्राम दूधासी, आदित्य निवासी जनकपुर तथा मनोज निवासी जनकपुर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ में लगे क्यू आर कोड को स्कैन कर क्वीज प्रतियोगिता में भाग लिया। 20 दिसंबर को कलेक्टर श्री दुग्गा जिले के दूरस्थ विकासखंड भरतपुर के ग्रामीण अंचल ग्राम पंचायत रांपा पहुंचे। रांपा के विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने घूम-घूम कर विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा अधिकारी एवं कर्मचारियों को केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीण जन तक पहुंचाने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों तथा ग्रामीण जन को विकसित भारत की शपथ दिलाई । इस दौरान एसडीएम मूलचंद चोपड़ा, सीएमओ सुरेश तिवारी, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी राज कुमार खाती, समाज कल्याण अधिकारी रमेश सिन्हा, तहसीलदार मनहर राठिया, यादवेन्द्र कैवर्त, जनपद सीईओ अनिल कुमार अग्निहोत्री सहित विकसित भारत संकल्य यात्रा के नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान बेचने जा रहे किसान की ट्रैक्टर ट्राली पलटी

**बैकुंठपुर।** जिले के सोनहत मार्ग पर ढलान के पास एक किसान की धान से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। दुर्घटना में ट्रैक्टर पर सवार लोग बाल-बाल बच गए लेकिन ट्रैक्टर और किसान के धान को काफी नुकसान पहुंचा है। किसान जिले के छतरंग से ओड़गी उपार्जन केंद्र में धान बेचने जा रहा था जैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली सोनहत मार्ग पर ढलान के पास पहुंची और घाट के ऊपर चढ़ने लगी वैसे ही ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर पीछे की ओर लुढ़कने लगी ट्रैक्टर पर सवार लोगों ने जैसे तैसे कूद कर अपनी जान बचाई। ट्रैक्टर पलटने से किसान का धान सड़क पर बिखर गया। सड़क पर ट्रैक्टर पलटने के कारण सड़क से जा रहे लोगों की भीड़ जमा हो गई। छतरंग निवासी किसान दुलर सिंह का कहना है कि ट्रैक्टर पलटने से आधे से ज्यादा धान खराब हो गया है। अब दूसरे वाहन की व्यवस्था कर उपार्जन केंद्र तक धान पहुचाएंगे।

# 12 घंटे में नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**मनेन्द्रगढ़।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गया। 21 दिसंबर को स्कूल जा रही नाबालिग से आरोपी ने दुष्कर्म किया, इसके पूर्व भी एक नाबालिग के साथ रेप की वारदात को अंजाम दे चुका है।

4 वर्ष पूर्व रेप के दौरान आरोपी ने 4 वर्ष के मासूम बालक की हत्या कर दी थी। रेप के बाद मासूम को कुएं में फेंक दिया था। 21 दिसंबर को उसी मामले में आरोपी नाबालिग को ढाई वर्ष की सजा सुनाई गई है। इस संबंध में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि लगभग 11 वर्ष की बच्ची के साथ दुष्कर्म के अज्ञात आरोपी को 12 घंटे के अंदर अभिरक्षा में ले लिया गया। 21 दिसंबर को लगभग 1 बजे दोपहर में थाना पोंड़ी चौकी नागपुर को पीड़िता की मां से सूचना मिली कि ग्राम आमाडांड़ के पास उसकी कक्षा 5 वीं में पढ़ने वाली 11 वर्ष की पुत्री अपने 8 वर्ष के छोटे भाई के साथ स्कूल जा रही थी। लगभग 10 बजे दिन में एक अज्ञात आरोपी बच्ची के साथ गलत काम कर दिया है। सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों को सूचना दी गई, इस पर पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के द्वारा निर्देशित किया गया कि यह घटना अमानवीय तथा अत्यंत संवेदनशील है। इस पर त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार करें। घटना स्थल पर तत्काल पुलिस अधीक्षक मनेन्द्रगढ़ सिद्धार्थ तिवारी, सीएसपी चिरमिरी श्रीमती दीपिका मिंज, थाना प्रभारी पोड़ी निरीक्षक एमएल शुक्ला, चौकी प्रभारी नागपुर दिनेश चौहान अपने दल-बल एवं सायबर टीम के साथ मौके पर पहुंची। रिपोर्ट पर पोंड़ी पुलिस द्वारा धारा 376 भादवि एवं पाक्सो एक्ट का अपराध दर्ज किया गया और पीड़िता को तत्काल चिकित्सा के लिए भेजा जाकर परीक्षण कराया गया। पुलिस के पास आरोपी के संबंध में केवल आरोपी का हुलिया था। पुलिस आरोपी के बारे में शून्य की जानकारी से आगे बढ़ी तथा तमाम साक्ष्य संकलित कर आरोपी का पता किए तथा 12 घंटे के अंदर आरोपी को अभिरक्षा में ले लिया।

- **आईजी गर्ग ने त्वरित कार्रवाई करने के दिए थे निर्देश**

# टेली लॉ स्कीम की विद्यार्थियों को शिविर में दी गई जानकारी




**चिरमिरी।** स्वामी आत्मानंद विद्यालय हिन्दी माध्यम खड़गवां में शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को भारत सरकार के न्याय विभाग द्वारा संचालित टेली लॉ स्कीम के तहत शिविर के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई कि वे किस तरह से च्वाईस सेंटर में जाकर अपनी कानूनी समस्याओं को लेकर समाधान ले सकते हैं। टेली लॉ पेनल लायर श्रीमती पुष्पा गुलकरी के द्वारा शिविर में लोगों को जागरूक रहने व किसी भी योजना व कानून के संबंध में सलाह सकते हैं, इसके लिए विभागों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। च्वाईस सेंटर में अपने फेस का रजिस्टेशन कर सकते हैं, जहां उन्हें कानूनी सलाह निःशुल्क पेनल लॉयर के द्वारा दिया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद पाण्डेय, एमआर अंसारी, श्रीमती आशा गुलफरी, पार्वती गोयन, रामाकांत ठाकुर, प्रियंका पैकरा, करूणा कर शेट्टी, सुमन सिंह चौहान, सोनिया पाण्डेय, नारायण यादव, सुरेन्द्र चौहान, राजेद्र वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### दो साल के बोनस वितरण पर होंगे आयोजन

**एमसीबी।** छग शासन के निर्देशानुसार राष्टीय सुशासन दिवस 25 दिसंबर 2023 को जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के 14 आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना की राशि के वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। जिले के अंर्तगत विकासखंड स्तर का कार्यक्रम जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ के कृषि उपजमंडी प्रांगण चैनपुर, भरतपुर विकासखंड में जनकपुर सहकारी बैंक कैम्पस में एवं खड़गवां विकासखंड में जनपद कार्यालय प्रांगण में आयोजित किया जाएगा।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

फार्म भरें
नेशनल ओपन स्कूल द्वारा
N.I.O.S./ CBSE समक्ष पाठयक्रम
कक्षा 10, 12 वीं
परिक्षाएं हर 6 माह में
(माध्यम हिन्दी/अंग्रेजी)
GEETA PUBLIC ENGLISH MEDIUM SCHOOL
केदारपुर, अंबिकापुर
Mo. 8120982790

पहली बार भगन्दर, फिशर्स और पाइल्स का सफल इलाज अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
आपके शहर अम्बिकापुर (छ.ग.) में
लेज़र मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेज़र के फायदें
ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ।
रक्तस्राव व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी।
किसी भी पारंपरिक इलाज से बहुत प्रभावी एवं गुणकारी।
फिर से होने की संभावना सबसे कम।
कम से कम समय में काम पुनः शुरू कर सकते है।
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक, रायगढ़ रोड, खरसिया नाका, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा 497001 (छ.ग.)
मो. 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी. (बी.एच.यू.) वाराणसी
सलाहकार अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर (छ.ग.)
मानसिक एवं न्यूरो रोग परामर्श
डॉ. आर. के. साहू
MBBS, MD (MEDICINE)
DM (NEPHROLOGY) GOLD MEDALIST
किडनी के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
दिनांक 19 जनवरी 2024 दिन-शुक्रवार
डॉ. राहुल कपूर (Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर फाड़) ऑपरेशन।
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन. BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का आप्रेशन।
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न।
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, पोस्टटेट कैंसर का ईलाज।
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला सरगुजा)

पथरी मतलब
लेजर हॉस्पिटल
क्योंकि यहां प्रतिदिन उपलब्ध है संभाग के एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
★ आधुनिक लेजर मशीन द्वारा पथरी का ईलाज
★ 10,000 से अधिक मरीजों का सफल ऑपरेशन
लेजर हॉस्पिटल
Add:- कोठीघर के पास, जिला अस्पताल रोड, अम्बिकापुर
Mo. No. 07774-22500, 6269814276
9542344694, 9434062770

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनैरिया, संतान न होना, शुक्राणु की कमी आदि सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध हैं
कहीं से भी ईलाज कराने से पहले एक बार जरूर मिलें
समय प्रातः 8 बजे से रात 8 बजे तक
डॉ. एस. कुमार
माँ शारदा आयुर्वेदिक क्लीनिक
स्थायी पता : भैयाथान रोड, अग्रसेन भवन के पास, मिश्रा गली के बगल में, सूरजपुर (छ.ग.)
6260666291, 7908772802

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कॉर्डियोलॉजिस्ट)
डॉ. रोशन लाल वर्मा
MD (T.B. & RESPIRATORY DISEASES)
दमा, टी. बी., छाती एवं एलर्जी
दिनांक-24 दिसंबर 2023, रविवार
समय- सुबह 10 से 04 बजे तक
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

TOP IN SURGUJA

SRS HOSPITAL न्यूनतम दर उच्चतम सेवा
हमारी उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं
- जनरल मेडिसिन, सर्जरी रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग, नेत्र रोग, एवं बाल हृदय रोग सभी प्रकार के सर्जरी की सुविधा, आयुष्मान कार्ड द्वारा उपलब्ध है
- 24X7 आपातकालीन सुविधा, क्रिटिकल केयर एवं ट्रामा केयर एडवांस आई. सी. यू. यूनिट, निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा
- 24X7 फार्मेसी एवं डायग्नोस्टिक सेवाएं उपलब्ध
24/7
More information call us +91 96176 05000, +91 70499 85558
जिला अस्पताल रोड, मणिपुर स्कूल के पास अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ. ग.)

गायत्री हॉस्पिटल
मेडिसीन विभाग | नेत्र रोग विभाग | दंत रोग विभाग | स्त्री रोग
चर्म रोग विभाग | सर्जरी विभाग | शिशु रोग | हड्डी रोग
आईसीयू एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

गायत्री हॉस्पिटल CREATING HEALTHY TOMORROW A MULTISPECIALITY HOSPITAL 24x7
डॉ. आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच ( यूरोलॉजी एंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
डॉ. भाविक शाह
डी.एन.बी. (मेडिसीन) डी. एन. बी. (गैस्ट्रो) एम. आर. सी. पी. एस. सी. ई. (गैस्ट्रो) पूर्व सलाहकार अपोलो ग्लैनिगल्स हॉस्पिटल कोलकाता)
डॉ. रवि जायसवाल
MD Medicine, DNB Medical ONCOLOGY, MRCP, ECMO Fellow at Cleveland Clinic, USA Consultant-Medical Oncology and Hematooncology
छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉक्टर अब अम्बिकापुर में
दिनांक - 24 दिसंबर 2023, रविवार
डॉ. गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम, कार्डियोलॉजिस्ट
डॉ. राहुल अहलुवालिया
एम.एस, एम. सी. एच न्यूरोसर्जरी
पता - बनारस रोड, पी. जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर 9424250281, 8120906000, 8120809000

अमृत काढ़ा काजमी
यह दवा मात्र तीन खुराक के सेवन से 8 प्रकार के बुखारों को 100 प्रतिशत ठीक करती है।
विजरा माल्ट
यह दवा पुरूष बांझपन एवं नपुंसकता का विश्व का सबसे उत्तम दवा है। पैथोलैब टेस्ट में एक भी शुक्र कीट मिलने पर 100 प्रतिशत ईलाज।
विजरा पावर
यह दवा पहले दिन पहले खुराक से ही सेक्स की कमजोरी को दूर कर शीथिलता एवं शीघ्रतपन को समाप्त कर सम्पूर्ण आनंद की अनुभूती करायेगा
निर्माता:- चिराग हर्बल- घड़ी चौक, अम्बिकापुर, वैद्य जी मो. 9826461355

Health Town
मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : कटोरा तालाब स्वपनिल नर्सिंग होम के पास मो. 9406004581
बिलासपुर : सीएलसी प्लाजा, मंगला चौक, रतन लस्सी के पास, मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए आर्यन अकोला रवाना



**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में कक्षा 9 वीं के प्रतिभावान विद्यार्थी आर्यन गुप्ता अकोला, महाराष्ट्र में 24 दिसम्बर से 29 तक आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा बॉक्सिंग स्पधार् में 57-60 किग्रा भार एवं 17 वर्ष आयु वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था एवं राष्ट्रीय शालेय बॉक्सिंग स्पधार् के लिए चयनित हुए थे। आर्यन ने प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी का आशीर्वाद लेने के उपरांत अकोला के लिए रवाना हुआ। प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाकर सरगुजा को गौरवान्वित किया है।

### शासकीय कार्यालय के आसपास लगेगा कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र का बोर्ड

**सूरजपुर।** जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों के 100 मीटर की परिधि क्षेत्र को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (साइलेंस जोन) घोषित किया गया है। इसलिए सभी शासकीय कार्यालय के आसपास की परिक्षेत्र में साइलेंस जोन का साइन बोर्ड जो कि दृश्य स्थल पर लगाना अनिवार्य है।

### माकपा ने किया धरना प्रदर्शन कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय संगठन के आव्हान पर माकपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने घड़ी चौक पर धरना प्रदर्शन किया तथा राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 141 सांसदों का निलंबन तत्काल समाप्त कर उन्हें संसद की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने की मांग की गई है। धरना प्रदर्शन को बालवीर नागेश, गंगा प्रसाद यादव, राम ऋतु सिंह, ऋषि कुमार गुप्ता, सीपी शुक्ला ने संबोधित भी केंद्र सरकार की आलोचना की तथा सांसदों का निलंबन तत्काल समाप्त करने की मांग की। इस दौरान रामधनी सिंह, सोनू सिंह, झमरू टोप्पो, असम लाल, देवीचरण गुप्ता, रामनाथ नागेश सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पति के विरूद्ध झूठा केस दर्ज करने पर पत्नी ने की आईजी से शिकायत

**महंगई।** पति के विरुद्ध फर्जी तरीके से झूठा अपराध दर्ज करने तथा फसाने वाले लोगों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर पीड़ित की पत्नी ने आईजी से शिकायत की तथा दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। आईजी को सौंपे ज्ञापन में रामानुजनगर निवासी लक्ष्मी जायसवाल पति विकास जायसवाल ने बताया है कि उसके पति के विरूद्ध रामानुजनगर थाने में आबकारी एक्ट के तहत 7 अगस्त को झूठा अपराध दर्ज किया गया है। जिसके बाद से पति जेल में विचाराधीन है। जबकि पति विकास जायसवाल का शराब अफरा तफरी से कोई संबंध नहीं है और न कहीं कभी चालक का काम किए है। घटना दिनांक को पुत्र का जन्म दिन था। घर में मेहमान आए हुए थे। इसी दौरान शाम 7 बजे थाने से पुलिस आए और जबरन पकड़ कर ले गए और शराब लोड पिकअप का चालक बताकर झूठा अपराध दर्ज किया गया। जबकि घर से काफी दूर अज्ञात व्यक्ति शराब लोड पिकअप को खड़ा कर चला गया था। झूठे प्रकरण में पति पिछले तीन माह से जेल में बंद है परंतु आज तक पुलिस पिकअप मालिक का पता नहीं कर से। लक्ष्मी जायसवाल ने दोषियों के विरूद्ध जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

## निधन

### सीताराम अग्रवाल



**अम्बिकापुर।** शहर के देवीगंज वार्ड निवासी प्रतिष्ठित टिम्बर व्यापारी, अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल का निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। वन ठेकेदार संघ के अध्यक्ष एवं काग्रेस जिला महामंत्री राजीव अग्रवाल के पिता थे। समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहे जिला चिकित्सालय में सीताराम वार्ड का निर्माण कराया था। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पांच भाईयों सहित पुत्र राजीव अग्रवाल, पौत्र राम अग्रवाल, राधे अग्रवाल का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

# पंजाब से लाई गई 15 लाख की अंग्रेजी शराब उड़नदस्ते ने पकड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संभाग में बड़े पैमाने पर दिगर राज्यों की शराब को खपाने का कार्य लंबे समय से जारी है। पूर्व में भी कई अवैध कारोबारियों को पुलिस व आबकारी विभाग की टीम ने न सर्फ पकड़ा बल्कि उनके पास से बड़ी मात्रा में अन्य राज्य की शराब जब्त की गई है।

इधर न्यू ईयर व क्रिसमस त्यौहार के मद्देनजर संभाग में नशे के अवैध कारोबारियों के विरूद्ध संभागीय उड़नदस्ता व जिला आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में गत दिन संयुक्त टीम के हाथ उस समय बड़ी सफलता लगी जब संभागीय उड़नदस्ता व जिला आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने खरसिया रोड स्थित एक गोदाम में छापामार कार्रवाई की। संयुक्त टीम ने गोदाम व कार में रखे अंग्रेजी शराब का जखीरा बरामद किया। संयुक्त टीम ने आरोपी के गोदाम से 14 लाख कीमत के 165 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

न्यू ईयर व क्रिसमस को कुछ दिन ही शेष है। ऐसे में अंग्रेजी शराब के अवैध कारोबारी न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि दूसरे राज्यों से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब अपने गोदाम व अन्य जगह संग्रहित कर रखने लगे है। ऐसे में संभागीय उड़न दस्ता की टीम द्वारा शहर सहित जिले के विभिन्न गांवों में गशत बढ़ा दी है। जिले के आसपास क्षेत्र में गशत कर रहे संयुक्त टीम को गत दिन मुखबिर से सूचना मिली कि बाल भगवान पांडे नामक व्यक्ति बंडाबहरा खरसिया रोड के समीप अपने गोदाम में बड़ी मात्रा में पंजाब राज्य की विदेशी मदिरा को डंप करके रखा है। जिसे वह क्रिसमस और न्यू ईयर में खपाने के फिराक है। मुखबिर की सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता अपने उच्चाधिकारी उपायुक्त आबकारी विजय सेन शर्मा के आदेश व मार्गदर्शन पर खरसिया रोड बंडाबहरा गोदाम में छापा मार कार्रवाई की गोदाम में छापा मारने पर वहां कार क्रमांक CG 15 बी 8876 में 20 पेटी पंजाब की पार्टी स्पेशल व्हिस्की लोड थी। जबकि गोदाम की तलाशी लेने पर पीछे के एक रूम में 75 पेटी पार्टी स्पेशल तथा 70 पेटी रॉयल स्टैग की डंप रखी हुई थी। टीम ने कार व गोदाम से लगभग 14 लाख कीमत के कुल 165 पेटी 1450. 8 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया। टीम ने आरोपी बाल भगवान पांडे के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34 (2),36 एवं 59 (क) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता, आबकारी उपनिरीक्षक टीआर केहरी, आबकारी मुख्य आरक्षक कुमारू राम, रमेश दुबे, आबकारी आरक्षक अशोक सोनी, रामाधार कुशवाहा एवं नगर सैनिक गणेश पांडे एवं रणविजय सिंह सक्रिय रहे।



आबकारी विभाग के गिरफ्त में आरोपी, जब्त शराब का जखीरा।

### खुद का कारोबार किया था शुरू

अंग्रेजी शराब के जखीरा के साथ आबकारी विभाग के हत्थे चढ़ा आरोपी बाल भगवान पांडे पूर्व में शराब ठेकेदार के साथ काम करता था। परंतु अंग्रेजी शराब ठेका पद्धति समाप्त होने के बाद आरोपी खुद का कारोबार शुरू किया था। न्यू ईयर व क्रिसमस पर्व पर जिले में अंग्रेजी शराब की मांग को ध्यान में रखकर लगभग 14 लाख कीमत के 165 पेटी अंग्रेजी शराब पंजाब राज्य से लाकर खरसिया रोड बंडाबहरा रोड स्थित गोदाम में डंप कर रखा। जिसे शहर सहित आसपास क्षेत्र में खपाने की तैयारी में था।


### अब तक की बड़ी कार्रवाई

पुलिस व आबकारी विभाग द्वारा शहर सहित आसपास क्षेत्र नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अंग्रेजी शराब व महुआ शराब की धर पकड़ करती है। परंतु गत दिन संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने खरसिया रोड बंडाबहरा स्थित गोदाम से लगभग 14 लाख कीमत की 165 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की जो सरगुजा में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। हालांकि कुछ माह पूर्व आबकारी विभाग की टीम ने दरिमा क्षेत्र के ग्राम परसोढ़ी निवासी कृष्ण कुमार समेरिया के पास से 2 लाख 50 हजार कीमत की 43 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया था।

### जारी रहेगी कार्रवाई

संभाग में नशे के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान लगातार जारी जारी रहेगी। न्यू ईयर व क्रिसमस पर्व में शहर सहित आसपास क्षेत्र में खपाने के लिए बाल भगवान पांडे पंजाब राज्य से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब लेकर आया था। मुखबिर की सूचना पर आबकारी विभाग के हाथ कामयाबी मिली।

- रंजीत गुप्ता
सहायक जिला आबकारी अधिकारी



# कम्प्यूटर साक्षरता सिर्फ कौशल नहीं, बल्कि आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

आज की दुनिया पर कम्प्यूटर और उनके अनुप्रयोगों का बोलबाला है। जीवन के सभी क्षेत्रों में लोग प्रतिदिन कम्प्यूटर का उपयोग करते हैं, चाहे वे कार्यालयों में, अस्पतालों में हों, या कि घर पर हों। परिणाम स्वरूप, कम्प्यूटर चलाने में सक्षम होना शिक्षण और अनुसंधान सहित विभिन्न व्यवसायों में एक आवश्यक कौशल बन गया है। पीजी कॉलेज के कम्प्यूटर साइंस एवं एप्पलीकेशन विभाग द्वारा विभागाध्यक्ष चेतन कुमार एवं सुश्री मोनिका खेस्स के नेतृत्व में गुरूवार को ग्राम महावीरपुर में बीसीए एवं बीएससी पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने ग्राम के लगभग 90 घरों में समूहवार पहुंच कर कम्प्यूटर साक्षरता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। छात्र-छात्राओं ने आधार अपडेशन, वोटर आईडी, ड्राइविंग लाइसेंस, भूमि संबंधी विभिन्न दस्तावेज, फोन पे, गूगल पे, ऑनलाईन ठगी, साइबर सुरक्षा, चैट जीपीटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इत्यादि की बारीकियों से अवगत कराया एवं परिवार के सदस्यों को डेमो देकर समझाया। छात्र-छात्राओं ने ग्राम के प्राथमिक शाला में उपस्थित बच्चों को कम्प्यूटर की उपयोगिता के बारे में बताया। इस दौरान विभाग के शिक्षक सर्वेश पांडेय, शशांक विश्वकर्मा, कृतिका सिन्हा, पूजा मिश्रा, सुश्री प्रिया पांडेय, अनुभव श्रीवास्तव, रानी चौरसिया, भूषण धैर्य उपस्थित थे।

### परिक्षेत्र स्तरीय हैंडबॉल में साई कॉलेज विजेता

**अम्बिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय की हैण्डबॉल टीम ने परिक्षेत्र स्तरीय हैंडबॉल पुरूष वर्ग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की है। पूर्व विजेता रही साई कॉलेज की टीम को सीधे सेमीफाइनल में खेलने का रोमांचक अवसर मिला। सेमीफाइनल में श्री साईं बाबा आदर्श महाविद्यालय की टीम का मुकाबला कालिदास महाविद्यालय प्रतापपुर की टीम aसे हुआ। साईं कॉलेज की टीम ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए 15-05 के भारी अंतर से जीत दर्ज किया। इस जीत के साथ साई कॉलेज की टीम ने फाइनल में प्रवेश की। फाइनल में साई कॉलेज की टीम का मुकाबला सरस्वती महाविद्यालय की टीम से हुआ। फाइनल में साई कॉलेज की टीम का मुकाबला सरस्वती महाविद्यालय की टीम से हुआ। फानइल के दोनों सेट 12-12 अंकों से बराबर रहा। दोनों टीमों को अतिरिक्त समय दिया गया जिसमें 6-4 से साई कॉलेज की टीम ने जीत दर्ज किया। प्रतियोगिता में एनईएस कॉलेज जशपुर, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती महाविद्यालय, विवेकानंद महाविद्यालय मनेंद्रगढ़, शासकीय कालीदास महाविद्यालय प्रतापपुर की टीम शामिल रही। विजेता टीम को सरस्वती महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीपी तिवारी ने शील्ड प्रदान किया। क्रीडाधिकारी तिलक राज टोप्पो के साथ विजेता टीम के खिलाड़ियों को महाविद्यालय शासी निकाय के अध्यक्ष विजय कुमार इंगोले, सचिव अजय कुमार इंगोले तथा प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बधाई दी।

# पीएम आवास योजना से बालचंद्र के सपने हुए साकार, पहले रहते थे खपरैल मकान में



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इंसान जीवनभर संघर्ष और मेहनत करता है, आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों के लिए स्वयं का आवास एक सपने जैसा है परंतु केन्द्र सरकार की मंशानुरूप शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का समुचित लाभ समाज के प्रत्येक नागरिक तक पहुंचाने की है ताकि समाज के हर वर्ग का समुचित विकास हो सके। इन्हीं महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक है प्रधानमंत्री आवास योजना। विकासखण्ड शंकरगढ़ के ग्राम जम्होर के आश्रित ग्राम भगवतपुर निवासी बालचन्द्र दिवाकर जिनकी उम्र 55 वर्ष हो चुकी है वह अपने पुश्तैनी कच्चे के घर में परिवार के साथ जीवनयापन कर रहे थे। उन्होंने बताया कि पूरे परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधे पर है। उन्होंने कृषि एवं मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। उनके लिये पक्के का मकान एक सपने जैसा था। खप्पर के मकान में रहना मुश्किल होता था, बरसात के दिनों में घर के अंदर पानी आ जाता था तथा ठण्ड के दिनों में ठंड से बचना मुश्किल हो जाता था। बदलते मौसम के साथ परेशानियां भी बदलती रहीं साथ ही समय के साथ रेत, गिट्टी, सीमेंट और ईंट की खरीदी दर भी बहुत महंगी हो चुकी थी परन्तु शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना उनका पक्के घर को सपने को पूरा करने में सिद्ध हुई। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वर्ष 2018-19 में पक्का आवास बनाने के लिए शासन से स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि जब उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आया तब उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि वह अपने परिवार के साथ पक्के के मकान में रह पाएगा। प्रधानमंत्री आवास से उनका यह सपना सच होता नजर आया। शासन से अनुदान में मिली राशि तथा सहयोग से और स्वयं की बचत राशि को मिलाकर उन्होंने पक्का मकान बना लिया। अब पक्का मकान बन जाने से वे अपने परिवार के साथ उस पक्के के मकान में खुशहाल जीवन यापन कर रहे हैं।



### नेताम के मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांट फोड़े पटाखे

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ सरकार में मंत्री के तौर पर रामविचार नेताम के शपथ लेने के बाद नगर में बीजेपी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। रामविचार नेताम रामानुजगंज से भारी मतों से चुनाव जीतकर विधायक बने हैं। पहले भी बीजेपी सरकार में मंत्री रह चुके हैं। बीजेपी कार्यकर्ताओं ने नगर के लरंगसाय चौक, भारत माता चौक, मध्य बाजार सहित अन्य चौक-चौराहों पर जमकर आतिशबाजी की। साथ ही मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस दौरान कन्हैया लाल अग्रवाल, अरुण केसरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खतरों के बीच चौकीदार की जान बचाने वाले अरनव को एसपी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

अपनी जान की परवाह किए बिना आग की भीषण लपटों के बीच गहरी नींद में सो रहे चौकीदार सहित अन्य तीन कर्मचारियों की जान बचाने वाले कक्षा 11 वीं के छात्र अरनव सिहं आ. सुरेश कुमार सिंह को एसपी सुनील शर्मा ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है तथा वीरता पुरस्कार के लिए अरनव का नाम प्रस्तावित करने का आश्वासन दिया है।

मणिपुर स्थित स्वच्छता चेतना पार्क में 12 अक्टूबर को मध्य रात्रि भीषण आग लग गई थी। इस दौरान उदयपुर स्थित अपने पैतृक घर से परिवार के सदस्यों के साथ अम्बिकापुर लौट रहे अरनव ने पार्क में रखे प्लास्टिक के अवशेषों से आग की ऊंची लपटें उठती देख अपने पिता सुरेश कुमार सिंह से वाहन रोकने के लिए कहा तथा तत्काल डायल 112 को आग लगने की सूचना दी। सूचना पर कुछ देर में एसपी सुशील शर्मा, एसडीएम पूजा बंसल, मणिपुर पुलिस सहित अन्य अधिकारी पहुंचे। इस दौरान अरनव परिजन के मना करने के बावजूद पार्क का गेट फांद कर भीतर पहुंचा एवं गहरे धुएं के बीच गहरी नींद सो रहे चौकीदार के कमरे का दरवाजा खटखटाकर उसे जगाया एवं प्रशासनिक अमले की मदद से उसे सुरक्षित बाहर निकाला। उसने डीजल गैरेज में सो हरे फैजान रजा, अरसद रजा एवं एक ट्रक चालक को जगाकर उनकी जान बचाई। आग लगने से पार्क में रखी लाखों की मशीनें जल गई थी। अरनव की सूझ-बूझ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने मंगलवार को उसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया एवं वीरता पुरस्कार के लिए उसका नाम प्रस्तावित करने का आश्वासन दिया।



# दीगर प्रांतों के चावल का संग्रहण कर रहे मिलर, सीएमआर में खपाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग में इन दिनों दीगर प्रांतों बिहार,यूपी व महाराष्ट्र से चावल मंगा कर मिलर अपने गोदामों में संग्रहण करा रहे जिसे आने वाले दिनों में सीएमआर में खपाने की तैयारी है। उक्ताशय की लिखित शिकायत भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ललित गोयल ने सूरजपुर कलेक्टर को पत्र लिखकर पूरे मामले की जानकारी दी है। शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री सहित पीएमओ को भी प्रेषित की गई है। सूरजपुर कलेक्टर को सौंपे गए शिकायत पत्र में भाजपा नेता ने दीगर प्रांतों से मिलरों द्वारा चावल मंगा कर वर्तमान में संग्रहण कराने बाद में इसे नान व वेयर हाउस के अधिकारियों से आपसी सेटिंग कर सीएमआर में खपाए जाने की जानकारी दी है। कलेक्टर को प्रेषित पत्र में भाजपा नेता ने बताया है की राज्य शासन ने दूसरे प्रांत से आने वाले धान पर सख्ती से रोक लगाई हुई है जिसके बाद राइस मिलरों ने नया तरीका इजाद कर लिया है। अब मिलरो द्वारा दूसरे प्रांत से चावल का थोक में सौदा कर इसे ट्रको के माध्यम से अपने मिलो में मंगा कर वर्तमान में व्यापक पैमाने पर संग्रहण कराया जा रहा है। उक्त संग्रहित चावल को चालू सीजन में कस्टम मिलिंग में सरकारी गोदामों में जमा करने की योजना है। शिकायत में भाजपा नेता ने उल्लेख किया है की नान व वेयर हाउस के अधिकारियों की मिलीभगत से कमीशन खोरी करने निर्धारित मात्रा से अधिक कनकी युक्त चावल की खरीदी की जाती है जिसके एवज में प्रति लॉट के हिसाब से वेयर हाउस प्रबंधक नान के केंद्र प्रभारी सहित गुणवता निरीक्षक सभी का कमीशन तय हुआ है। अभी हाल ही में अंबिकापुर की घटना में नान के अधिकारी मिलर के बीच हुए आरोप-प्रत्यारोप में इसकी पुष्टि भी हुई थी, बाद में भेद खुलने के भय से दोनो पक्षों ने आपसी समझौता कर लिया।

### मंडियों में खपाने के खेल का आरोप

भाजपा नेता के अनुसार कस्टम मिलिंग में मिलर बाहर से मंगाए चावल को जमा कर उसके बदले में समितियों से धान का उठाव करेंगे, फिर इसे पुनः समितियों में समायोजन कर शासकीय दर पर इसका भुगतान प्राप्त करेंगे। ऐसे में दोनो ओर से शासन का दोहरा नुकसान तय है। भाजपा नेता ने इस अवैध कारोबार पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने की मांग सूरजपुर कलेक्टर से की है।

### स्वास्थ्य अधिकारियों को दी गई कानूनी जानकारी

**अम्बिकापुर।** सीएमएचओ कार्यालय के सभाकक्ष में गुरूवार को अधिक्ता ओम प्रकाश एवं अमृत सिंह मरावी द्वारा खण्ड चिकित्सा अधिकारियों एवं महिला चिकित्सकों को कानूनों से अवगत कराया। अधिवक्ताओं ने बताया कि वर्तमान में टू फिंगर टेस्ट किया जा रहा है जिसे 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के एक मामले में गैरकानूनी एवं अवैध घोषित किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में इस संबंध में एमएलसी के बारे में गाइड-लाइन एवं प्रोटोकॉल जारी किया है। महिलाओं को गर्भपात कराने में कई समस्याएं आती है। न्यायालय द्वारा गर्भपात को सुरक्षित एवं सुलभ बनाने के लिए कदम उठाए गए हैं। इसका प्रावधान टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम 1971 में है जिसका परिपालन जमीनी स्तर पर नहीं हो रहा है।



# सभी विभाग ने स्टाल लगाकर लोगों को दी शासन की योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

विकासखंड रामानुजनगर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिवरागुडी में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा व आयुष्मान कार्ड वितरण किया गया। महिला बाल विकास द्वारा अन्नप्राशन, गोद भराई रस्म, पीएम आवास, सौर उज्ज्वला के फार्म भराया गया, किसान क्रेडिट कार्ड वितरण किया गया। मुख्यकार्यपालन अधिकारी संजय राय, तहसीलदार सूर्यकांत साय उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस दौरान जयप्रकाश उपाध्याय, सुमंत साहू, सुरेश मरकाम, सरपंच शंभू सिंह, राजेंद्र सिंह, अजय सिंह, रामप्रताप साहू, संजय गुप्ता, विद्यालय के पिताम्बर सिंह मरावी सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# बाल व गणित मेले में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- महान गणितज्ञ रामानुजन की जयंती पर किया गया आयोजन

सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय द्वारा भारत के महान गणितज्ञ आचार्य श्रीनिवास रामानुजन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती के अवसर पर बाल मेला व गणित मेला का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, व्यस्थापक वंशीधर गुप्ता, कोषाध्यक्ष बिहारी पाल, जिला प्रचारक आत्म शरण उपाध्याय ने मां सरस्वती और महान गणितज्ञ रामानुजन के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों ने विद्यालय परिसर में लगे बाल मेला का भ्रमण कर बच्चों को प्रोत्साहित किया। बच्चों ने विद्यालय परिसर में विभिन्न तरह के व्यंजनों के स्टाल लगा कर अपनी व्यापारिक क्षमता का प्रदर्शन किया। छात्र-छात्राओं ने मेले में व्यंजनों का जमकर लुफ्त उठाया। अतिथियों ने बच्चों के स्टाल पर पहुंचकर उनसे सामग्री खरीदकर उनकी हौसला आफजाई की। इसके साथ ही गणित के रंगोली एवं चार्ट का अवलोकन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनय कुमार पाठक ने कहा कि इस तरह के मेले के आयोजनों से बच्चों में छुपी प्रतिभाओं में निखार आता है। मेले के आयोजन से बच्चो का सर्वांगीण विकास होता है। रंगोली एवं चार्ट में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य विनय कुमार पाठक ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान शिक्षक, बच्चे व अभिभावक मौजूद थे।



### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई श्रीनिवास रामानुजन की जयंती

**बतौली/सेदम।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र पर पुष्पांजलि से श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। प्रार्थना सभा में गणित से संबंधित रोचक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम रखा गया। नाटक के माध्यम से गणित का महत्व एवं गणितीय संक्रियाओं का उपयोग जीवन में गणित की उपयोगिता से संबंधित जानकारी छात्रों एवं शिक्षकों ने दिया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश गुप्ता द्वारा जीवन में गणित के महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। रामानुजन के जीवन से संबंधित घटनाएं एवं उनके द्वारा रचित प्रमेय पर प्रकाश डाला गया जो कि आज भी प्रासंगिक है। विद्यालय के शिक्षक विनय गुप्ता, विनोद तिर्की ने भी श्रीनिवास रामानुजन के जीवन चरित्र पर व्याख्यान दिए। इस अवसर पर विभिन्न छात्रों द्वारा गणित से संबंधित विषय वस्तु पर प्रदर्शनी लगाई गई। क्षेत्रमिति त्रिकोणमिति बीजगणित से संबंधित विषय वस्तु को आसान प्रक्रिया द्वारा समझाया गया। इस दौरान प्रशांत दुबे, राकेश उपाध्याय, विनय गुप्ता, विनोद तिर्की, आशीष पैंकरा एवं समस्त शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में प्रत्येक माह के चौथे रविवार 24 दिसम्बर को निम्न विशेषज्ञ डॉक्टर परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव त्रिपाठी, मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित जैन, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राकेश मिश्रा, चेस्ट फिजिशियन, छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. रोशन वर्मा संबंधित रोगो से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु परामर्श के लिए तेज डायग्नोस्टिक सेंटर एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## खबर संक्षेप

### राजेंद्र पटेल पंचायत सचिव संघ के जिला अध्यक्ष निर्वाचित

**वाड्रफनगर।** छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के बलरामपुर का जिला अध्यक्ष राजेंद्र पटेल को निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता, प्रदेश महामंत्री उपेंद्र पैंकरा, पूर्व जिला अध्यक्ष नरेंद्र जायसवाल, कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष अंबुज यादव, राम रूप मरकाम, कृष्णानंद तिवारी, कपूर साय जायसवाल, नीरज यादव सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी व सदय उपस्थित थे। इस दौरान नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष श्री पटेल ने संघ के सदस्यों को हर संभव सहयोग देने एवं उनकी मांगों को प्रमुखता के साथ उठाने की बात कही।

### मकसूद अहमद कर्मचारी संघ के सचिव मनोनित

**अम्बिकापुर।** राज्य कर्मचारी संघ के संयोजक मो. सउद अंसारी ने संगठन के कार्य विस्तार के लिए संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवा कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 मकसूद अहमद को सचिव मनोनीत किया है।

### लक्ष्मी राजवाड़े के मंत्री बनने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**भटगांव।** विधायक लक्ष्मी राजवाड़े को पहली बार भारी मतों से जीत हासिल करने के बाद भाजपा सरकार में मंत्री पद के शपथ लेने पर भटगांव मंडल के कार्यकर्ताओं ने तहसील चौक में ढोल नगाड़े के साथ लड्डू बांटकर जुलूस निकाला तथा जगह-जगह पटाखा-फोड़ जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर पूरे नगर का भ्रमण किया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान परमेश्वरी राजवाड़े, अशोक सिंह, सुभाष राजवाड़े, रमेश गुप्ता, आशीष बाजपेयी, जगरेलाल यादव, प्रदीप पैकरा, वीरेंद्र गुप्ता, कमलेश सिंह सहित बडी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बाइक डिवाइडर से टकराई एक की मौत दो युवक गंभीर

**अम्बिकापुर।** गन्ना लोड कराने जा रहे बाइक सवार जगन्नाथपुर के समीप डिवाइडर से टकरा गए। दुर्घटना में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि दो युवकों का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर निवासी मनोज खेस आ. राजे खेस (25 वर्ष) गुरुवार को गांव के ही रोहन व सुमित के साथ गन्ना लोड कराने बाइक से जगन्नाथपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार जगन्नाथपुर स्कूल के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गए। दुर्घटना में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मनोज खेस की मौत हो गई जबकि रोहन व सुमित का उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## पेज 1 का शेष...

### डीके सोनी को एलबेस्ट...

करने के संबंध में चयन समिति द्वारा उनका चयन किया गया। दिल्ली में आयोजित समारोह के दौरान देश के कोने कोने से आए लोगो के सामने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस कुरियन जोसेफ और पूर्व केंद्रीय मंत्री एस कृष्णा कुमार आईएएस के करकमलों से अधिवक्ता डीके सोनी को इंटरनेशनल एक्सीलेंस बेस्ट एडवोकेट ऑफ द ईयर इंडिया का अवॉर्ड दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अलम त्सेहाये वोल्डेमेरियाम एंबेसडर ऑफ एरिट्रियन, डॉ. दिवाकरण पदमा कुमार पिल्ले शौर्य चक्र विजेता, उषा कृष्णा कुमार प्रेसिडेंट ऑल इण्डिया नर्सेस वेलफेयर एसोसिएशन, डॉ. सेनोरिटा इसाक ट्रेड कमिश्नर लैटिन अमेरिकन कैरिबियन ट्रेड काउंसिल, प्रो। सुबहा राजन सीनियर फेलो द इमैजिंडिया न्यू दिल्ली तथा गोरेज कोचुपूराकल चेयरमैन ग्लोबल चेंबर ऑफ कंज्यूमर राइट्स उपस्थित थे।

### लगातार सूख रहे साल के पेड़

# साल बोरर के प्रकोप से मैनपाट के साल वनों के अस्तित्व पर संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- कीट प्रकोप रोकने नहीं हो रही कारगर पहल

मैनपाट के साल वन साल बोरर की समस्या से जूझ रहे हैं। जंगल के सीमित क्षेत्र से शुरू हुआ कीट धीरे-धीरे विकराल बनता जा रहा है। कीट साल पेड़ों को छेद देते हैं जिससे पेड़ सूख जाते हैं। साल वनों के लिए बेहद खतरनाक माने वाले कीटों का प्रकोप रोकने वनमंडल स्तर पर पहल नहीं होने के कारण क्षेत्र के साल वनों का अस्तित्व संकट में है।

छत्तीसगढ़ के शिमला की पहचान वहां के साल जंगल, प्राकृतिक नदियां, झरने एवं पहाड़ है। साल वनों के कारण प्रकृति ने मैनपाट को विशेष वातावरण दिया है। इन वनों के कारण ही यहां का तापमान नियंत्रित रहता है। पिछले कुछ सालों से वनों में मानवीय दखल बढ़ने के कारण तेजी से पेड़ों का क्षरण हुआ है। वनभूमि पर कब्जा जमाने के लिए ग्रामीण योजना बद्ध तरीके से वनों का सफाया कर रहे हैं। इस बड़ी समस्या से अभी निजात नहीं मिली है कि जंगलों में साल बोरर का आक्रमण शुरू हो गया है। तीन-चार साल पहले साल बोरर के प्रकोप से इक्के-दुक्के पेड़ों से साल बोरर का हमला शुरू हुआ था। पेड़ों को सूखते देख वन अमले इसे गंभीरता से नहीं लिया। धीरे-धीरे कीट प्रकोप बढ़ने लगा तो वनकर्मियों ने इस पर ध्यान दिया। अब कीट का प्रकोप जंगल के बड़े क्षेत्र में फैल गया है जिससे साल के पेड़ तेजी से सूख रहे हैं। जानकारों का कहना है कि साल बोरर नामक कीट साल वृक्ष के रस को पसंद करता है। वह हरे पेड़ों में छेद कर घुस जाता है। पेड में जगह-जगह काफी लंबा सुराख कर देता है। एक साथ कई कीटों के प्रकोप से खोखले पेड़ सूख जाते हैं। जंगल के साल वृक्षों को सूखते देख वन अधिकारियों ने उष्णकटिबंद्धय वन अनुसंधान संस्थान टीएफआरआई जबलपुर को सूचना दी थी। सूचना पन वन अनुसंधान संस्थान की टभ्म मैनपाट पहुंची थी। टीम ने जंगल का भ्रमण कर साल पेड़ों पर साल बोरर कीट का प्रकोप होने का खुलासा किया था तथा वन अधिकारियों को कीट प्रबंधन का उपाय भी बताया था। वन अमले ने वैज्ञानिकों द्वारा बताई विधि से उपाय भी किया, लेकिन पूरी तरह सफलता नहीं मिल पाई। अधिकारी वर्षा के पूर्व जून के महीने में फिर से उपाय करने की बात कह रहे हैं।


जगल में सूखे साल के पेड़।


कीट प्रभावित साल का पेड़।

### पिछले साल पहुंचे थे वैज्ञानिक

वन परिक्षेत्राधिकारी फेकू चौबे ने बताया कि पिछले साल विभाग की सूचना पर वन अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. आरके मालवीय टीम के साथ मैनपाट पहुंचे थे। उन्होंने साल बोरर के नियंत्रण के लिए साल के कोमल पत्तों व टहनी को गुड़ में मिलाकर आग में पकाकर पेड़ के पास रखने के सुझाव दिए थे। सुझाव पर इस बार जून महीने में यह प्रयोग किया गया था। जंगल में तीन-चार स्थानों पर मिश्रण रखा गया था। मिश्रण को खाने बड़ी संख्या में साल बोरर पहुंचे थे जिन्हें एकत्र कर नष्ट किया गया था। इस बार फिर से अभियान चलाकर प्रभावित क्षेत्र के वनों में यह प्रयोग किया जाएगा तथा आवश्यकता पड़ेगी तो वैज्ञानिक का भी मार्गदर्शन लिया जाएगा।

### 90 के दशक में हुआ था भीषण प्रकोप

इसके पूर्व 1990 के दशक में सरगुजा के साल बनों में साल बोरर का भीषण प्रकोप हुआ था। तब विभाग ने कीटों को नियंत्रित करने के लिए वैज्ञानिक विधि का उपयोग करने के साथ ही बड़ी संख्या में रोग प्रभावित सूखे पेड़ों को काटा गया था। उपायों के बाद सरगुजा के वनों से साल बोरर की समस्या पूरी तरह खत्म हो गई थी। इसके 30 सालों बाद मैनपाट में वनों में यह समस्या देखी जा रही है।

### इन क्षेत्रों में अधिक प्रकोप

वन परिक्षेत्र मैनपाट अंतर्गत सपनादर, नागाडांड एव ललेया जंगल में साल बोरर का अधिक प्रकोप देखा जा रहा है। इन क्षेत्रों में कीट प्रभावित सैकड़ों साल के पेड़ सूख चुके हैं। वन विभाग ने स्थानीय स्तर पर कीट प्रभावित पेड़ों की गणना कराई थी जिसमें 500 पेड़ कीट प्रभावित पाए जाने का दावा किया जा रहा है। वन परिक्षेत्र अंतर्गत कक्ष क्रमांक 2323, 2333, 2338, 2336, एवं 2344 में कीट प्रकोप देखा गया है।

### कराया जाएगा सर्वे

जल्द ही साल बोरर प्रभावित जंगल का सर्वे कराया जाएगा एवं पीएफआरआई के वैज्ञानिकों को स्थिति से अवगत कराया जाएगा। कीट प्रबंधन के लिए शीघ्र प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

-नवीद सुजाउद्दीन
सीसीएफ, सरगुजा

## अधिकारी-कर्मचारी काम करने का बदले अपना पुराना ढर्राः मरावी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर


- शपथ लेने के साथ ही एक्शन मूड में विधायक

प्रेमनगर के नवनिर्वाचित विधायक भूलन सिंह मरावी ने शपथ लेने के साथ ही एक्शन मूड में आ गए है। अधिकारी-कर्मचारियों के कामकाज को लेकर मिल रहीं शिकायतों पर कड़ा रुख दिखाया है। उन्होंने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी काम करने का अपना पुराना ढर्रा बदलें। आगे अगर शिकायतें मिलती हैं बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों को उन्होंने गंभीरता से लिया है।

विधायक भूलन सिंह अपने चुनाव प्रचार अभियान से ही क्षेत्र के लोगों से निरन्तर संपर्क में हैं। लोग अपनी समस्याएं, शिकायत उनसे की। उन्होंने शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग की शिकायतों को लेकर गंभीरता दिखाई हैं। उन्होंने कहा कि इन विभागों के कामकाज से आम लोग सीधे प्रभावित होते है । स्कूलों में अच्छी पढ़ाई और अस्पतालों में सबका इलाज हो यह लोग चाहते है। जिले में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया है कि वे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करें। जिला चिकित्सालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सक समय पर पहुंचे और मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाएं। सरकारी अस्पतालों में कहीं भी दवाइयों की कमी न हो । उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में किसी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों को ध्यान रहे कि अब सरकार बदल गई है। नई सरकार स्वास्थ्य व शिक्षा को लेकर बेहद संवेदनशील है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी प्राथमिकताएं गिना चुके हैं। स्कूलों में नियमित कक्षाएं संचालित हों। शिक्षकों के नदारद रहने और समय पर स्कूल नहीं पहुंचने की शिकायतें मिल रही हैं। शिक्षक इसमें सुधार लाएं और समय पर स्कूल पहुंचकर बच्चों को पढ़ाएं। मुख्यमंत्री चाहते हैं कि जनता का हर काम आसानी से हो। इसमें किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोग उन तक अपनी समस्याएं और शिकायतें पहुंच रहे हैं। उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायतें ज्यादा हैं इस संबंध में अधिकारियों से चर्चा की जाएगी।



## सांसदों के निलम्बन के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान हुए सांसदों के निलंबन के विरोध में आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष भगवती राजवाड़े के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने अग्रसेन चौक पर धरना प्रदर्शन किया। संसद की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर विपक्षी सांसदों ने सदन में जमकर हंगामा किया। सभापति की ओर से एक्शन लिया गया और 146 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। कांग्रेस के पदाधिकारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कई विधेयकों को मनमाने ढंग से पारित करके लोकतंत्र का गला घोट रही है। सांसदों को निलंबित करके केंद्र की भाजपा सरकार संसद को सत्ता पक्ष का कार्यालय बनाने का काम कर रही है। भाजपा के राज में संसद, सरहद, सड़क एवं समाज कुछ भी सुरक्षित नहीं है। इस दौरान पूर्व प्रेमनगर विधायक खेलसाय सिंह, पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश राजवाड़े, नगर पालिका अध्यक्ष केके अग्रवाल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी सिंह, मनोज डालमिया, मुकेश अग्रवाल, संजय डोसी, अनवर खान, प्रदीप राजवाड़े, सरिता सिंह, रामचन्द्र यादव, नरेन्द्र जैन, मेंहदी यादव, महेन्द्र साहू, गौतम कुशवाहा, नवीन जायसवाल, मो. इदरीश, शिव भजन मरावी, कुसुमलता राजवाड़े, राजेश शर्मा, आकाश साहू,जगत लाल आयाम,आलोक साहू, सूरज गुप्ता, अविनाश यादव, दीपक कर, विनय गुप्ता, किशून सिंह, राजकुमार सिंह, आलोक सिंह, चंदा सिंह, रश्मि शर्मा, संगीता राजवाड़े, सुनीता खाखा, वीणा शर्मा, रंजू चौबे, परमेश्वर राजवाड़े, शक्ति ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बच्चों को दी गई साइबर अपराध से बचने की जानकारी



**राजपुर।** साइबर अपराध के प्रति बच्चों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। एसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर सेंट जेवियर्स स्कूल में शिविर लगाकर बच्चों को साइबर अपराध से बचने के साथ ही सोशल मीडिया के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान बच्चों को सोशल मीडिया फेसबुक, इंस्टाग्राम व अन्य प्लेटफार्म के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि किसी भी अनजान नंबर के फोन कॉल को रिसीव नहीं करना चाहिए इसके साथ ही अपने खातों के पासवर्ड की जानकारी गोपनीय रखने की जानकारी दी गई।

## एक्सपोजर विजिट हेतु रवाना किए गए 67 बच्चे



**सीतापुर।** कलेक्टर कुंदन कुमार के निर्देश पर एक्सपोजर विजिट के लिए विकासखंड से 67 बच्चों का चयन किया गया। जिन्हें स्पेशल बस द्वारा हरी झंडी दिखाकर बीइओ मिथिलेश सिंह सेंगर ने रवाना किया। इन बच्चों के साथ अपनी देखरेख में सैर कराने हेतु दो शिक्षक और दो शिक्षिकाएं भी साथ गई है। इस एक्सपोजर विजिट के दौरान बच्चों को रेलवे स्टेशन, कलेक्टर कार्यालय, आकाशवाणी केंद्र, वाटर पार्क, अंतर्राज्यीय बस स्टैंड आदि की सैर करेंगे। इस अवसर पर एबीईओ महेश सोनी, बीआरसी रमेश सिंह, शिक्षिका निलांद्री पैंकरा, कुसुमलता समेत अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# डीएवी में दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर





डीएवी पब्लिक स्कूल विश्रामपुर में 22 व 23 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इसमें स्कूल के 145 छात्र - छात्रा उत्साह के साथ फ्लैट रेस, बनाना रेस, गोला फेंक, तवा फेंक, लंबीकूद, ऊंची कूद, रस्सी कूद व अन्य विविध स्पर्धाओं में भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक अजय तिवारी रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती ममता तिवारी अध्यक्षा शिवानी महिला मंडल विश्रामपुर, श्रीमती शुभा पाठक उपस्थित रहीं, अतिथियों को विद्यालय प्राचार्य एचके पाठक एवं वरिष्ठ अध्यापक-अध्यापिकाओं द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर तथा कैप व बैज पहनाकर स्वागत किया गया। संगीत शिक्षक नासिर खान एवं मनीष शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि अजय तिवारी, महाप्रबंधक विश्रामपुर क्षेत्र द्वारा क्रीड़ा ध्वजारोहण कर मशाल प्रज्ज्वलित कर आयोजन का शुभारंभ किया गया। स्कूल कैप्टन सौरभ यादव ने प्रतिभागियों को खेल को खेल भावना के साथ खेलने की शपथ दिलाई गई। एलकेजी व यूकेजी के नन्हें बच्चों द्वारा प्रस्तुत संगीतबद्ध समूह नृत्य श्रीमती प्रगति दीक्षित के निर्देशन में जूनियर एवं सीनियर वर्ग के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत समूह नृत्य और खेल शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा के निर्देशन में 5 वीं के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत डंबल पीटी की प्रस्तुति ने सभी दर्शकों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि अजय तिवारी ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों द्वारा हमारा शरीर स्वस्थ और मजबूत बनता है। प्राचार्य एचके पाठक ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि बच्चों की शैक्षिक उपलब्धियों के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों एवं खेलकूद के माध्यम से उनका सर्वांगीण विकास करना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य रहा है। क्लस्टर-2 लेवल पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी विश्रामपुर के विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट क्रीड़ा कौशल को बरकरार रख कर गेवरा, कुसमुंडा और कोरबा में ज़ोनल स्तर पर आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। बालक वर्ग में 12 स्वर्ण पदक 19 रजत पदक व 7 कांस्य पदक एवं बालिका वर्ग में 33 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक व 6 कांस्य पदक जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया तथा 49 प्रतिभागियों ने पानीपत, सोनीपत, गुड़गांव, फरीदाबाद, गाजियाबाद एवं साहिबाबाद में होने वाली डीएवी राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता हासिल किया है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह दिवस पर संपन्न विविध स्पर्धाओं में बालक व बालिका वर्ग एलकेजी 40 मीटर फ्लैट रेस, यूकेजी 50 मीटर बनाना रेस , कक्षा पहली 40 मीटर बैलून बैलेंस रेस, कक्षा दूसरी 60 मीटर ब्रेकफास्ट रेस, कक्षा तीसरी 80 मीटर प्रिपरेशन ऑफ स्कूल बैग रेस , कक्षा चौथी 80 मीटर रेडी टू स्कूल रेस, कक्षा 5 वी 50 मीटर सेक रेस और बालिका वर्ग कक्षा 5 वी 90 मीटर स्किपिंग रेस, सीनियर वर्ग 200 मीटर दौड़ , जूनियर वर्ग 800 मीटर दौड़, सीनियर वर्ग 800 मीटर दौड़, जूनियर वर्ग लंबी कूद, सीनियर वर्ग लंबी कूद , जूनियर वर्ग गोला फेंक , सीनियर वर्ग गोला फेंक खेल का आयोजन प्रथम दिवस सम्पन्न हुआ,इसमें प्रथम ,द्वितीय व तृतीय प्रतिभागी की घोषणा की गई।

इस दौरान प्राचार्य एच के पाठक, डॉक्टर वीएन सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी केंद्रीय चिकित्सालय विश्रामपुर एवं श्रीमती खलिस्ता खलको प्राचार्या, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयनगर द्वारा विभिन्न स्पर्धाओं में विजयी प्रतिभागियों को मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि अजय तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती ममता तिवारी को प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक एलके दास, अध्यापिका शोभा नामदेव एवं छात्राएं अंशु ठाकुर व सृष्टि झा ने किया। आयोजन को सफल बनाने में वरिष्ठ खेल शिक्षक पीके वैद्य, क्रीड़ा शिक्षिका श्रीमती चित्रावती मिश्रा, स्पोर्ट्स मीट प्रभारी श्रीमती अर्पणा मिश्रा सहित विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।




## दुकान से धान चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

किराना दुकान से 40 बोरी धान चोरी करने वाले दो चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई 20 बोरी धान को बरामद किया। पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम मानपुर खड़गवां निवासी सुदामा गिरी ने पुलिस चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया थ्ज्ञा कि 19 दिसंबर की रात मानपुर स्थित उसके किराना दुकान का छप्पर तोड़ चोरों ने दुकान में रखे 40 बोरी धान को चोरी कर ले गए है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मानपुर निवासी नारद सिंह आ. संग्राम सिंह (22 वर्ष) को दबिश देकर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपने साथी अजीत गुप्ता आ.शिवकुमार गुप्ता (26 वर्ष) के साथ मिलकर धान चोरी कर पिकअप से लोड़ कर ले गए और अपने हिस्से की धान को बेचकर 15 हजार रूपये का नया मोबाईल खरीदी किया है। जिसके बाद पुलिस ने अजीत गुप्ता को दबिश देकर पकड़ा। आरोपियों के निशानदेही पर चोरी गई 20 बोरी धान, मोबाईल, पिकअप वाहन जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी खड़गवां बृजकिशोर पाण्डेय, एएसआई कृष्ण कुमार सिंह, प्रधान आरक्षक संजय सिंह यादव, आरक्षक मनोज राय, अनिल एक्का व राकेश सिदार सक्रिय रहे।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

